an>

Title: Need to take action on Report of National Commission for Denotified, Nomadic and Semi-Nomadic Tribes.

**श्री नाना पटोले (भंडारा-गोंदिया) :** महोदय, भारत में 64 हजार और महाराष्ट्र में लगभग 16 सौ भटके विमुक्त जाति श्रेणी का समाज शैक्षणिक, सामाजिक व आर्थिक विकास से वंचित रहने की बात हाल ही में प्रकाश में आई है। इस समाज के विकास के लिए वर्ष 2008 को " रेणके आयोग " ने केंद्र सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी, लेकिन अभी तक रेणके आयोग की सिफारिशों पर केंद्र सरकार द्वारा कार्रवाई नहीं की गई है जिस कारण इस पिछड़े श्रेणी के समाज को असुविधाजनक जीवन जीना पड़ रहा है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि वह रेणके आयोग की सिफारिशों को शीघ्र लागू करने हेतु अविलम्ब कदम उठाए जाएं।